हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 4 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

12 मेडिकल कॉलेज की पहचान वीर गुण्डाधुर...


12 कोकानपुर सरपंच व पंचों ने ली शपथ ली व ग्रामीणों...




## खबर संक्षेप



### कोयलीबेड़ा पंचायत में 13 महिलाएं बनीं पंच

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में आरक्षण का लाभ लेते हुए पहली बार 13 वार्डों में महिलाओं ने अपनी जीत दर्ज करवाई है, वहीं ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में 20 वार्ड है। सात वार्डो में पुरूष पंच ने जीत हासिल किया है।

### सेवक विकास संघ का 16 को रायपुर में प्रदर्शन



**कांकेर।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के द्वारा पदोन्नति में आरक्षण की बहाली सहित विभिन्न संवैधानिक मांगों को लेकर कई वर्षों से लगातार आंदोलन कर रही है, लेकिन सरकार द्वारा संवैधानिक मांगों पर कोई ठोस पहल नहीं कर रही है, जिसके कारण आदिवासी समाज के अधिकारी व कर्मचारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सुनवाई नहीं होने के चलते अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ 16 मार्च को रायपुर में 8 सूत्रीय माँगो को लेकर प्रदर्शन करेगा। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के पदाधिकारियों ने इस संबंध में कांकेर एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष रामप्रसाद नेताम, महासचिव विजय कुमार नाग, कोषाध्यक्ष महेश मरकाम, आरपी मण्डावी, सुरेश कोरेटी, रामजी वट्टी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### टीबी जागरूकता पर स्कूल में आयोजित की कार्यशाला



**दुर्गूकोंदल।** टीबी जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जनजागरूकता अभियान चलते हुए गोयल ग्रुप के हाहालद्दी आयरन ओर माइंस प्रबंधन द्वारा दुर्गुकोंदल क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया। शासकीय चिकित्सालय के मेडिकल ऑफिसर चंदन बैरागी एव उनकी टीम ने बच्चों को टीबी के लक्षण एवं उससे बचाव के सबंध जानकारी दी। बच्चों ने लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए आत्मानंद विद्यालय से दुर्गुकोंदल मुख्य चौक तक जागरूकता रैली निकाली और हारेगा टीबी जीतेगा भारत के नारे लगाए। कार्यक्रम में गोयल ग्रुप के कर्मचारियों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम के साथ साथ विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित

**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वचालित अग्निशामक, हाइड्रॉलिक लिफ्ट, पेरिस्कोप एवं भूकंप विरोधी स्ट्रक्चर का मॉडल प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक सीवी रमन के शोध कार्यों एवं उनके जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट मॉडल के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक के विभागाध्यक्ष सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**बजट**

**छत्तीसगढ़ बजट में शासकीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले**

# छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला बजट, सभी वर्ग का रखा है ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा की नई सरकार बनने के बाद कैबिनेट की मंजूरी के बाद बजट को विधानसभा में 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया। वित्त मंत्री ने गति यानी जीएटीआई थीम पर बजट पेश किया। इसके साथ ही इसे आस्था यानी एएसटीएचए का प्रतीक भी बताया गया। गति मतलब गुड गवर्नेंस, ऐक्सलरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ को समावेश किया गया है। एक साल पहले ओपी चौधरी ने ग्यान यानी जीवायएएन थीम (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर बजट पेश किया था। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 3 मार्च को ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर-टाइप्ड बजट की जगह खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। यह बजट 100 पृष्ठों की है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है।

छत्तीसगढ़ की साय सरकार का दूसरा और राज्य का 25 वाँ बजट सोमवार 3 मार्च को पेश किया गया। पिछला बजट साल 2024-25 में 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ था, वहीं इस बार बजट में 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। युवाओं को नौकरियां, शिक्षा समेत महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं किया गया है।

**खास बातें**

- किसानों व युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट
- नगरीय निकायों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने 750 करोड़ का किया प्रावधान
- बजट में महिलाओं का पूरा रखा गया ध्यान, प्रदेश में बनेंगे महिला सदन




### सरकारी अमले और भूमिहीन मजदूरों को दी राहत



विधानसभा में बजट पेश होने के उपरांत अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने हरिभूमि से पर बात करते हुए कहा कि 3 मार्च सोमवार को विधानसभा में बजट पेश किया गया। साय सरकार का यह दूसरा बजट 1.65 लाख करोड़ का बजट है। यह बजट छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला साबित होगा। सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए देने का फैसला लिया गया है, यह सरकारी कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ा निर्णय है। छत्तीसगढ़ बजट में भूमिहीन मजदूरों के लिये 600 करोड़ रुपये का प्रावधान, दलहन-तिलहन को एमएसपी पर खरीदने का फैसला किया गया है। दलहन-तिलहन खरीदी के लिये 80 करोड़ रुपये का भी प्रावधान किया गया है। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान, एकीकृत बगवानी के लिये 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

### बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान



कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह हमारी सरकार का बजट है। यह मौजूदा करो में बिना वृद्धि किए राजस्व बढ़ाने वाला बजट है। यह हमारी सरकार का विजन डाक्यूमेंट भी है। कांकेर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि कांकेर में नर्सिंग कॉलेज के साथ-साथ गांव की सड़कों के लिए करोड़ो रूपएं का प्रावधान किया गया है। बस्तर बटालियन बनाने के लिए 3200 युवाओं को नौकरी देने का प्रावधान किया गया है। पीएम सूर्य घर योजना के लिए 200 करोड़, पटवारियों को संसाधन भत्ता देने, नवीन पुलिस थाना सरोना के लिए बजट का प्रावधान और अचल संपत्ति के अंतरण पर स्टांप ड्यूटी के लिए 12 फीसदी सेस खत्म करने का बड़ा फैसला लिया गया है। पत्रकारों के लिये बजट में प्रावधान किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार सम्मान निधि की राशि हुई दोगुनी। 10 हजार से 20 हजार करने की घोषणा। पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट के लिए एक करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार का दूसरा बजट में सभी वर्ग को ध्यान रखा गया है।

### किसानों, ग्रामीणों और युवाओं का रखा ध्यान



भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में रखी है, जिसके लिए उन्हें साधुवाद। छत्तीसगढ़ बजट 2025 में प्रदेश में अटल सिंचाई योजना लागू होगी, अटल सिंचाई योजना के लिए पांच हजार करोड़ रुपएं का प्रावधान किया गया है। बस्तर में शिक्षा को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में कांकेर सहित अन्य जिलों के लिए बहुउद्देश्यीय स्टेडियम बनाने के लिए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया था, उनके भरोसे पर खरा उतरने की चेष्टा इस सर्वांगीण वर्ग के विकास के बजट में दिखाई देता है।

### भाजपा गढ़बो से पहले करबो पर देंगी ध्यान



नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि पिछली सरकार ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का ख्याली पुलाव परोसा और नतीजा निकला बोरबो छत्तीसगढ़। उसी का परिणाम रहा कि कांकेर नगरीय निकाय में बदलबो फार्मूला चला। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने दूसरा बजट पेश किया, नगरी निकायों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 750 करोड़ का प्रावधान किया गया है, इससे नगर का विकास बहुत अच्छे ढंग से किए जाने में मदद मिलेगी। पीएम आवास योजना में हितग्राहियों को रियायत मिलने वाली है। दो पहिया वाहन, पांच एकड़ तक भूमि वाले हितग्राहियों को भी आवास मिलेगा। कांग्रेस सरकार ने जो कांकेर नगरपालिका की दुर्दशा किया है, उससे कांकेर का नुकसान हुआ था। अब भाजपा की सरकार नगरपालिका में भी बन गए है, अब विकसित कांकेर के संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे और काम करके दिखाएंगे।

### महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट छत्तीसगढ़ की महतारी को समर्पित बजट है। छत्तीसगढ़ बजट 2025 में महतारी वंदन योजना के लिए 5500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ग्राम पंचायतों में महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए महिला सदन का निर्माण किया जाएगा, इसके लिए 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कांकेर में नर्सिंग कॉलेज की घोषणा किया गया है, इससे जिले की छात्राओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। महिलाओं के विकास पर फोकस करते हुए आठ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश की स्व-सहायता समूहों की बहनों के लिए भी योजना बनाई है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

---

## कलेक्टर ने पशु विभाग के टीकाकरण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पशुओं में खुरहा-चपका रोग उन्मूलन के लिए सघन टीकाकरण अभियान प्रारंभ



केन्द्र शासन की योजना नेशनल एनिमल डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत जिले में गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं में मुंहपका खुरपका रोग के विरूद्ध सघन टीकाकरण अभियान 01 मार्च से प्रारंभ हो गया है, जो 31 मार्च तक चलेगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय परिसर में शुभारंभ करते हुए टीकाकरण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि मुंहपका एवं खुरपका रोग फटे खुर वाले पशुओं का अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है, जो गाय, भैंस, भेड़ बकरी सुअर आदि पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग की प्रमुख विशेषता यह है कि रोग अत्यधिक तेजी से पशुओं में फैलता है। इस रोग के होने पर पशु को तेज बुखार के साथ मुंह, मसूड़े, जीभ के ऊपर-नीचे होंठ के अंदर का भाग, खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं, जो कि आपस में मिलकर छालों का रूप लेता है। मुंह में छाले होने से पशु के मुंह से लगातार लार गिरती रहती है एवं खुर में छालों के कारण पशु लंगड़ा कर चलता है। पशु खाना पीना छोड़ देता है और सुस्त पड़ जाता है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि इससे दुधारू पशुओं में दूध की उत्पादन कम होता है तथा बैलों की कार्यक्षमता कम हो जाती है। इसकी रोकथाम ही नियंत्रण का कारगार उपाय है तथा रोकथाम के जरिये समस्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बहन की टंगिया मारकर हत्या की, भाई को आजीवन कारावास और अर्थ दंड की भी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




लोहत्तर थानांतर्गत तुमरीसुर में 6 साल पहले परिवार के सदस्य ने रिश्ते में बहन के सिर पर टंगिया से हमला कर दिया, जिससे घायल पीड़िता की रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस को घटना की खबर मिलते ही आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने 3 मार्च को हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

विदित हो कि पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि मैं तुमरीसूर थाना लोहत्तर की रहने वाली हूँ और खेती किसानी का काम करती हूँ। मैं अपने पति एवं लड़की पुष्पा के साथ रहती हूँ। मेरी लड़की 18 वर्ष की है और नौंवी तक पढ़ी है। दो साल पूर्व पढ़ाई छोड़कर हमारे साथ में खेती किसानी का काम करती थी। ओटेकसा में मेरे जेठ मुरहा तुलावी का लड़का संतूराम तुलावी, जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है, उसे मेरे मामा ससुर फिरतूराम के पास तुमरीसुर में ईलाज फूंक झाड़ कराने के लिए करीबन डेढ़ साल पूर्व उसके घर में लाए थे। सन्तूराम तुलावी जो हमारे घर, जेठ के घर एवं मामा (ससुर) फिरतु के घर घूम फिरकर रहता था। सन्तूराम का फूंक झाड़ ईलाज पानी चल रहा था और 10 सितंबर मंगलवार की सुबह 9 बजे मेरे पति डिशीराम तथा लड़की पुष्पा दोनों खेत में काम करने गये थे। मैं घर में थी और करीबन 11 बजे मेरी बेटी खेत से वापिस आई और खाना खाकर थक लग रहा है बोलकर घर में परछी खाट में लेटी थी। मैं भी उसके बाजू खाट में सोयी थी और नींद नहीं लगी थी। लड़का सन्तूराम रात्रि में नंनद बसायबाई के घर में था। सन्तूराम साढ़े 11 बजे उठा और अचानक ही घर के छप्पर किनारे खोंचे हुए लोहे की टंगिया से धार तरफ मेरी सोयी हुई लड़की पुष्पा तुलावी के दाहिना कनपटी कान के उपर सिर में मारा, जिससे खट की आवाज आई। मैं उठी देखी तो लड़का संतूराम तुलावी ने लोहे की धारदार टंगिया से मारकर दरवाजा तरफ से बाहर भाग गया। टंगिया के मारने से मेरी बेटी पुष्पा तुलावी के दाहिना कान के ऊपर फटकर गंभीर चोट लगी थी और खून काफी निकल रही थी और छटपटा रही थी। मैं अपनी नंनद बसायबाई को बुलाकर घटना के बारे में बताया और संतूराम भाग गया। मैने परिजनों के बारे घटना के बारे में बताया और पति डिशीराम भी जो खेत ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

**परिहवन बंद नहीं होने पर चक्काजाम की तैयारी**

## अवैध रेत परिवहन से परेशान ग्रामीणों ने सड़क व नाली तोड़ी तो मचा हंगामा, फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- माफिया रात के अंधेरे में खोदी सड़कों की मरम्मत कर फिर से परिवहन शुरू किया





अवैध रेत परिवहन को लेकर नगरवासी आक्रोशित होकर सड़क एवं नाली को खोद दिया, उसके बाद बवाल मच गया। अवैध रेत परिवहन को लेकर मचांदुर में लंबे समय से दो गुट डटे है, जिसमें एक गुट परिवहन के पक्ष में, वहीं दूसरा गुट परिवहन के विरोध में है। रेत से भरी हाईवा के द्वारा कार को ठोकर मारा, कार क्षतिग्रस्त होने के बाद बवाल मच गया और कई घंटे तक हंमागा होता रहा। चारामा क्षेत्र में बीते 06 महिनो से रेत परिवहन इतनी अधिक संख्या में किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगो के लिए जल्द जल एवं रेत का सकट सामने आने लगा है। चारामा के आसपास खदानों से एक ही दिन में 300 से 400 ओव्हरलोड हाईवा महानदी पुल के ऊपर से गुजरने पर महानदी का पुल भी धीरे धीरे जर्जर होने लगा है। खदानों से निकलने वाली रेत बिना रायल्टी के अवैध तरीके से निकाली जा रही है। रविवार 2 मार्च को मचांदुर के पास हंगामा तब शुरू हुआ, जब एक हाईवा ने नई कार को पीछे से ठोकर मार दिया और चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र की आकोशित जनता ने हाईवा को रोककर सड़क और नाली की खुदाई करवा दिया।

मौके पर क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी भी पहुँची और उन्होने बताया कि उनके द्वारा कई बार प्रशासन के संज्ञान में लाया गया, परंतु सभी प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। विधायक की उपस्थिति में दो बार रेत परिवहन के मार्ग को खोदा गया, लेकिन सत्ता संरक्षण में चूर रेत माफिया रात के अंधेरे में खोदी गई सड़को की मरम्मत कर फिर से परिवहन शुरू कर दिए। उन्होने कहा कि अगर जनता उनका साथ दे और परिहवन बंद न हो तो वे जनता के साथ मिलकर चक्काजाम भी करेंगी।

### गेट खुला छोड़ने पर युवती की पिटाई, दर्ज हुआ मामला



**कांकेर।** तहसील पखांजुर के गोंडाहुर थानांतर्गत पीवही 18 मायापुर में युवती के साथ उसके चचेरे भाई ने हाथ थप्पड़ से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। गोंडाहुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 18 मायापुर निवासी अंकिता राय पिता अजित राय ने पुलिस को बताया कि 2 मार्च की रात करीबन 9 बजे की आसपास मेरे चचेरा भाई देव्रत राय गेट खोलकर ट्रैक्टर बाहर निकाला , परंतु गेट को खुला छोड़ दिया। मेरे चाचा मनोरंजन राय ने मुझे पूछा कि गेट को कौन खोला है, तब मै बताया कि देवव्रत राय ने ट्रैक्टर निकालकर गेट को खुला छोड़ दिया है। कुछ देर बाद देवव्रत राय के द्वारा गेट खुला होने की बात को लेकर पैर से मेरे पेट मे लात मारा तथा हाथ से मेरे गाल में मारा और जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने मुंह मीठा कराकर किया स्वागत

**जगदलपुर।** निगम कार्यालय में शुभ मुहूर्त पर नगर निगम महापौर के नए कार्यकाल के शुभारंभ के बाद संजय पाण्डे ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निगम आयुक्त निर्भय साहू ने बुके देकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

### प्रत्याशियों के सम्मेलन चुनाव की तारीख क्यों बढ़ रही

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से



जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव सम्मेलन में बढ़ रही तारीख को लेकर तंज कसते हुए कहा है,जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रत्याशियों की तारीख क्यों बदलती जा रही है,सम्मेलन चुनाव की तारीख क्यों बढ़ाई जा रही है, पहले 3 से 4 हुआ फिर 4 से 6 हुआ और जगदलपुर में 11 तारीख की बात कर रही है, आखिर जिला प्रशासन निष्पक्ष चुनाव क्यों नहीं कर पा रही है,आखिर जिला प्रशासन किसके दबाव पर कार्य कर रही है, ईससे साफ प्रतीत हो रहा है कि जिला प्रशासन निष्पक्ष नहीं है बल्कि भाजपा सरकार के नेताओं दबाव में कार्य कर रही है जो कि लोकतंत्र के मूल्यों के अनुरूप नहीं है! जिला प्रशासन को चुनाव पूरी पारदर्शीता के साथ करानी चाहिए न कि सरकार के दबाव में आकर कार्य करना चाहिए।

### भ्रष्टाचार की जांच करायेगें महापौर : शुक्ला

**जगदलपुर।** प्रतिपक्ष नेता रहते संजय पांडे ने निगम की कांग्रेस सरकार पर जो भ्रष्टाचार के जो गंभीर आरोप लगाये थे, उम्मीद है कि महापौर बनने के बाद उन सभी भ्रष्टाचारों की जांच करके दोषियों को सजा दिला कर शहर की जनता को यह संदेश देगें कि सत्ता में काबिज होने के लिए झूठे भ्रष्टाचार के आरोप नही लगाया गया था,यह कहना है कि वरीष्ठ कांग्रेसी अतिरिक्त शुक्ला का। वरिष्ठ कांग्रेसी अतिरिक्त शुक्ला का कहना है कि निगम की कांग्रेस सरकार पर प्रतिपक्ष नेता रहते संजय पांडे ने महापौर निधि में भ्रष्टाचार के साथ ही डष्टबीन घोटाला के अलावा दलपतसागर सागर को साफ करने वाली मशीन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के साथ ही राज्य में कांग्रेस की सरकार होने के कारण इस मामले की निष्पक्ष जांच नही किये जाने का आरोप भी भाजपाईयों ने लगाया था।

### शीतला माता पूजा के पहले घर-घर संपर्क आज

**जगदलपुर।** महारानी वार्ड के बंगाली समाज की महिलाएं शीतला माता पूजा के पहले कल मंगलवार को घर-घर संपर्क कर जानकारी देंगे। वार्ड की कल्पना ने बताया कि शनिवार को शीतला माता की पूजा होगी लेकिन उसके पहले मंगलवार को पूरे वार्ड में घूमकर मेल मुलाकात कर पूजा के बारे में चर्चा करेंगे। शनिवार को पूजा के दिन किसी के भी घर में चूल्हा नहीं जलेगा लोग रात का बचा हुआ बासी खाना खाएंगें।

## ग्राम पंचायत गढ़िया में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का हुआ शपथग्रहण

# योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाया जाएगा : भरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला के लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गढ़िया में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों गणों का शपथग्रहण हुआ। गढ़िया के नवनिर्वाचित सरपंच भरत कश्यप ने आभार जताते हुए कहा कि मेरे लिए यह जीत मतदाताओं के प्रेम और आशीर्वाद की जीत है मैं हमेशा गांव के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा एक आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में गढ़िया जाना जाएगा। प्रत्येक वादे को पूरा कर गांवों में स्वच्छ,सुन्दर एवं सुविधापूर्ण गांव बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ग्रामीण स्तर की तरक्की के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। आगामी दिनों में क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान रखकर गांव के समग्र विकास की दिशा में हम सभी मिलकर पहल करेंगे। राज्य एवं केन्द्र सरकार की हर योजनाओं को गांव के हर वर्ग तक लाभ पहुंचाने का निरंतर काम करेंगे। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य बोंजा राम मौर्य, पंच पीलूराम बघेल, मेनुधर सेठिया, निरंजन बघेल, लखन कश्यप, रामसिंह कश्यप, हेमनाथ, मनबोध, जानकी, दासों, सतनी, लखमी सेठिया, हिरा, साबित्रि, देवकी, बोदे, दरबाली, सन्तू, तुलसी, सामबती कश्यप, झूनी, राजेश, कपील कश्यप, जगन्नाथ यादव, मिटू, ललित, लालमन कश्यप, चेतन ग्वाल, टीबू, मानकू, कुंदन सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।











### सरपंच उमाकांतो बघेल समेत 20 पंचों ने ली शपथ

नगरनार। ग्राम पंचायत नगरनार की नवनिर्वाचित सरपंच उमाकांतो बघेल और 20 पंच ने आज पंचायत भवन में ईमानदारी से जनसेवा और क्षेत्र विकास की शपथ ली। आरंभ में चुने गये पंच सरपंच का पुष्पगुच्छ और पुष्पहार से स्वागत हुआ उसके बाद पंचों ने भी गांव के बुजुर्ग और प्रतिष्ठित नागरिकों का स्वागत किया। पीठासीन अधिकारी उमेश कश्यप ने शपथ ग्रहण की कार्यवाही की, इस मौके पर जनपद सदस्य देवकी कश्यप, रैनू बघेल, घनश्याम सेठिया, धर्मेन्द्र बेसरा, रविकांत, राधेश्याम पन्द्रे, पुरन सेठिया, तुलसीराम सेठिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पंचायत सचिव श्याम बघेल मौजूद थे। सभी को बधाई देकर उपसरपंच का चुनाव आगामी दिनों में कराने की जानकारी दी गई।

### जयंती कश्यप ने पंचायत भवन में तीसरी बार ली

शहर सीमा से लगे ग्राम पंचायत आड़ावाल की तीसरी बार सरपंच बनी जयंती कश्यप ने आज निर्वाचित पंचों के साथ पंचायत भवन में ईमानदारी से सेवा करने की शपथ ली। इस मौके पर सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पुष्पहार और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य अश्रीति राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पंचायत सचिव मौजूद थे।



### 20 पंचों के साथ सरपंच सोनमती ने ली शपथ

ग्राम पंचायत कुरंदी की सरपंच सोनमती देवांगन ने आज 20 पंचों के साथ शपथ ली। पंचायत भवन में निर्वाचित पंच सरपंचों का स्वागत किया गया और फिर ईमानदारी से जनसेवा करने तथा गांव के सर्वांगिण विकास की शपथ ली। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास मिश्रा, रजनीश पाणिग्राही, प्रकाश दुग्गड़ सहित अन्य लोगों में गजेन्द्र देवांगन, राजू ओगले, हरेश सेठिया, परसूराम आचार्य, पूर्व सरपंच प्रसाद राम, कोटवार हरिचंद बघेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पदमनी कश्यप ने ली शपथ

लोहंडीगुड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप के गृह ग्राम पंचायत मांदर में सभी पंच भाजपा समर्थक 10 में 10 वार्ड पर जीत हासिल किए। लगातार 25 वर्ष से ग्राम पंचायत मांदर में भाजपा समर्थित सरपंच निर्वाचित हो रहे हैं। स्वयं मंडल अध्यक्ष एक बार सरपंच व दो बार उनकी पत्नी श्रीमती पदमनी मंगतू कश्यप सरपंच निर्वाचित हुई थी अभी जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्वाचित हुए हैं। मंडल अध्यक्ष के जनपद क्षेत्र के मांदर, नेंगानार, एरमूर व आंजर में सभी सरपंच भाजपा समर्थित निर्वाचित हुए हैं।

# कोतवाली व बोधघाट थाना क्षेत्र में अज्ञात महिला और पुरुष की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व मिली महिला के शव की अब तक

- दोनों की नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस कर रही मामले की पड़ताल
- दो दिन पूर्व मिली महिला की लाश, सोमवार को अज्ञात पुरुष की रेलवे ट्रेक में मिला शव

शिनाख्त नहीं हो सकी है। इसी बीच सोमवार को एक और युवक का शव मिला इसकी भी शिनाख्त का पुलिस प्रयास कर रही है। दोनों मामलों में शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए मेकाज भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है दो दिन पूर्व क्षेत्र के गोयल बाड़ी के करीब एक महिला का सड़ा-गला शव मिला है। आसपास से गुजर रहे लोगों ने महिला का सड़ा-गला शव देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि शव दो दिन पुराना है। महिला की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। जिसने काली साड़ी व काला ब्लाउज पहना था। इस सबंधं में कोतवाली थाना प्रभारी शिवानंद सिंह के सरकारी नम्बर में सम्पर्कका प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सूचना दी गई है वहीं कहीं किसी महिला के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है इसका पता लगाया जा रहा है। सदेंहास्पद मौत का पता पुलिस लगा रही है हालाकिं पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि नहीं हुई है।

महिला की मौत का मामला सुलझा नही कि सोमवार को एक अज्ञात पुरूष का शव बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक सुबह ट्रेन से गिरने या टकराने से एक युवक की मौत हो गई है। लामनी रेलवे फाटक के करीब यह शव मिला आस पास के लोगों से घटना की सूचना मिलते ही बोधघाट पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। हालाकिं मामले में अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दी या ट्रेन से गिरने से उसकी मौत हुई। युवक की शिनाख्त नहीं हो सका है पुलिस मर्ग कायम कर मामले की पड़ताल कर रही है।

# डोगाम में पशुपालन की योजनाओं पर निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





गोद ग्राम डोगाम, ग्राम पंचायत-जाटम में ग्रामीणों को पशुपालन संबंधी योजनायें के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से वेटनरी पॉलिटेक्निक द्वारा एक दिवसीय पशुपालन संबंधी योजनायें पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के अंर्तगत वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में ग्रामीणों को पशुपालन संबंधी विविध योजनायें के प्रति जागरूक किया गया और लीफलेट (पत्रक) का वितरण डोगाम ग्राम के पशुपालकों, किसानों तथा गांव के लोगों को किया गया। डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक, वेटनरी पॉलिटेक्निक ने पशुपालन संबंधी विभिन्न राज्य योजनायें जैसे राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना, राज्य बकरी उद्यमिता विकास योजना, अनुदान पर सूकरत्रयी वितरण, अनुदान पर बकरा वितरण, शत प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण, उन्नत मादा वत्सपालन योजना, अनुदान पर बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरण योजनाओं का उद्देश्य, अनुदान राशी, इकाई लागत एवं मिलने वाले अनेक लाभ के बारे में जानकारी दी गई ।

## पहले ही दिन एक्शन में मेयर...



**जगदलपुर।** पदभार ग्रहण करते ही महापौर संजय पाण्डे का एक्शन मोड नजर आया। पार्षदों के साथ बैठक कर अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की एवं स्वच्छता सहित शहर के विकास को पहली प्राथमिकता देने की बात कही। निगम कार्यालय आज धार्मिक स्थल जैसा नजर आया। प्रवेश द्वार में ही गौ माता और शंख की ध्वनि गूंज उठी। महापौर ने गौ माता को चना, गुड़ खिलाकर तिलक चंदन लगाया और पैर धुलाया। शपथ ग्रहण और पदभार ग्रहण में उनका सनातनी रूप दिखाई पड़ा। उन्होंने बैठक में पार्षदों से कहा कि शहर की जनता ने हमें जो जिम्मेदारी दी है उसे हर हाल में पूरा करना है। हमारे विधायक, सांसद हैं और केंद्र और राज्य में सरकार भी है। इसलिए पैसे की कमी नहीं होगी बस ईमानदारी से काम करने की जरूरत है।

# कचरा उठाया लेकिन नाली साफ नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खबर का असर

शहर के महारानी वार्ड में पार्षद बनने और शपथ लेने के बाद भी सफाई नहीं होने की खबर हरिभूमि ने आज प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद कचरा हटाने और नाली साफ करने दो सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे। लेकिन पार्षद नदारद रहें। मुख्य मार्ग पर कचरा को हटाया गया लेकिन नाली साफ नहीं की गई इस संबंध में सफाई कर्मचारियों ने कहा कि महारानी वार्ड में सड़क पर पड़ा हुआ कचरा आता है इसलिए सफाई करने हम आए है जबकि नाली महेंद्र कर्मा वार्ड में है इसलिए दूसरे सफाई कर्मचारी आकर नाली साफ करेंगें। दोनों वार्ड अगलबगल है और दोनों





वार्ड के पार्षद भाजपा के पितामह नायक तथा रोशन सिसोदिया चुने गये है। अलग अलग वार्डो के लिये सफाई कर्मी अलग होने से साफ सफाई में भी भेदभाव नजर आया



ऐसे में महापौर संजय पांडे का शहर को स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाकर प्रदेश में नंबर 1 लाने का प्रयास कैसे सफल होगा यह वार्डो में नजर आ रही गंदगी से पता चल रहा है।

खबर छपने के बाद भी आधे अधूरी सफाई कर कर्मचारी लौट गये। गौरतलब है कि दुर्गा मंडप के समीप बंगीय समाज में होने वाले शादी और अन्य पार्टी तथा माहेश्वरी भवन में होने वाले विवाह कार्यक्रम का बचा हुआ खाने का सामान इसी मार्ग पर एफसीआई गोदाम के पास फेंका जाता है जहां गौ माता सड़ेगले खाद्य पदार्थ के साथ झिल्लीयां भी निगल कर समय से पहले बिमार होकर मर रहे है इस पर महापौर और नगर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

## पेज 09 के शेष...

### कलेक्टर ने पशु...

पशुओं का टीकाकरण किया जाना है। टीकाकरण की आवश्यकता अनुरूप एवं रोग उन्मूलन हेतु केन्द्र शासन द्वारा यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पशुधन विकास विभाग के समस्त मैदानी विभागीय अमले में कुल 76 दल गठन कर प्रतिदिन अलग-अलग ग्रामों में निःशुल्क टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने समस्त पशुपालकां से अनुरोध किया है कि वे अपने गौवंशीय-भैसवंशीय पशुओं में टीकाकरण अवश्य कराएं।

### बहन की टंगिया...

काम करने गया था आया, उसे भी घटना की बात बताई। लड़की गंभीर अवस्था में होने से परिवार के लोग खाट में लिटाकर ग्राम मेरे गांव तक ले गये, वहां से मेरे गांव के मांहगूराम जैन के पिकप गाड़ी से सुरूंगदोह ले गए, वहां 108 संजीवनी वाहन को बुलाकर दुर्गूकोंदल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार कर टांका आदि लगाए, फिर रिफर करने पर अस्पताल के एबुंलेंस से कांकेर जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार करने के पश्चात रायपुर अस्पताल रिफर करने पर कांकेर जिला अस्पताल के एम्बुलेंस से हम परिवार वाले लोग साथ में रायपुर अस्पताल ईलाज कराने ले जा रहे थे कि रायपुर पहूंचने के थोड़ी दूर पहले ही श्वास बंद होने से पुष्पा की मृत्यु हो जाने से वापिस जिला अस्पताल धमतरी रात्रि में लाएं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायालय भानुप्रतापपुर में चल रही थी। न्यायालय में हुए गवाहों के आधार पर अपराध प्रमाणित पाया गया कि आरोपी ने हत्या किया है। अपर सत्र न्यायालय भानुप्रतापपुर के अपर सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता ने सोमवार 3 मार्च को आरोपी संतुराम तुलावी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 200 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया। इस मामले में लोक अभियोजक सीमा तिवारी ने अभियोजन की तरफ से अपना पक्ष रखा।

# बजट पर नेता, पत्रकार, कर्मचारी, व्यापारी-युवा वर्ग की प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के दूसरे बजट प्रस्ताव पर जिले के विभिन्न नागरिकों द्वारा अपनी प्रतिक्रिया दी। वरिष्ठ पत्रकार एस. करीमुद्दीन ने बजट में पत्रकारों के लिए सम्मान निधि की राशि को दोगुना करने का प्रावधान का स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार की अच्छी पहल है। पत्रकारों के हित में बजट में पत्रकारों को एक्पोजर विजिट के लिए एक करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया है।

बकावण्ड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बारदा की सरपंच तिलोतमा मौर्य ने कहा कि इस बजट से प्रदेश के साथ ही जिले और ग्रामों में खुशहाली आएगी। इस बजट से कर्मचारी किसान, युवा, व्यापारी, महिला वर्ग सभी के लिए यह बजट आशा के अनुरूप पेश किया गया है। श्रीमती मौर्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसा बजट पेश किया है जिससे सभी वर्गों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लामकेर के पुजारी भोलाराम कश्यप ने सरकार द्वारा देवगुड़ी के जीर्णोद्धार हेतु बजट का प्रावधान करने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

कर्मचारी वर्ग ने भी इस बजट को विशेष रूप से







सराहना किया है। शासकीय कर्मचारी अविन्द्र पानीग्राही ने कहा कि इस बजट में शासकीय कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात सुनियोजित ढंग से पेंशन व्यवस्था बनाने के लिए पहली बार पेंशन फंड बनाने का निर्णय लिया गया है जो स्वागत योग्य है। यह कर्मचारियों की वित्तीय स्थिरता को सुनियोजित करेगा और भविष्य की पेंशन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपयोगी साबित होगा। सैनिक लक्ष्मीनारायण ने कहा कि बजट में 3200 अतिरिक्त बस्तर फाईटर के पदों के सृजन के प्रावधान किया गया है। जिससे बस्तर क्षेत्र के युवाओं को बस्तर फाईटर के रूप में काम करने का अवसर मिलेगा।

मोबाइल व्यापारी राहुल साहू ने कहा कि इस बार के बजट में बस्तर को लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही उन्होंने जगदलपुर एयरपोर्ट के विकास हेतु सरकार द्वारा किए गए बजट प्रावधान का स्वागत किया।

### विश्वास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा



भाजपा नेता मनीष पारख ने बजट को प्रदेश की जनभावनाओं प्रेरित बताया और कहा कि, यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास, उन्नति एवं प्रगति का बजट है। बजट से आज प्रदेश का हर वर्ग उत्साहित हैं। यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। यह प्रदेश को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट हैं। साथ ही इस विकासोन्मुख बजट के लिए मनीष पारख ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं मंत्रीमंडल के सभी सदस्य एवं विधायको का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# विहिप बजरंग दल में दिए गए नए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बकावंड प्रखंड की बैठक ग्राम सरगीपाल गंगदाई माता मंदिर में रखी गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड स्तर पर नए दायित्वों की घोषणा की गई। संगठन को विस्तार देने, धर्मांतरण रोकने, धर्म की रक्षा, जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। संगठन में काम करने की उत्सुकता व अपने धर्म के प्रति जागरूकता भी विश्व हिंदू परिषद की ओर युवाओं को आकर्षित करता रहा है। बैठक में काफी संख्या मे युवा मौजूद रहे। बैठक में जिला प्रचार प्रसार विभाग अध्यक्ष व बकावंड प्रखंड प्रभारी श्रीनिवास रेड्डी, प्रभारी सुरेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में बकावंड प्रखंड संयोजक सुनील कुमार बिदाई, सुरक्षा प्रमुख गिरिजा कश्यप, बल उपासना प्रमुख कुरपति गोयल के नामों की घोषणा की गई। बैठक मे ग्राम पंचायत की नवनियुक्त अध्यक्ष तुलसी भारती भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी को नए दायित्वों के लिए बधाई दी और संगठन को विस्तार देते हुए कार्य करने की सलाह दी। बैठक में मंदिर के अर्चक लखीराम भारती ने सभी को तिलक लगा कर मंदिर में स्वागत किया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के उद्देश्यों से अवगत कराया।

**खबर संक्षेप**

### जिपं और जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए समय सारिणी जारी

**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा–25 के अंतर्गत जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मेलन जनपद पंचायत फरसगांव में 04 मार्च को, जनपद पंचायत कोण्डागांव एवं जनपद पंचायत माकड़ी में 05 मार्च को, जनपद पंचायत केशकाल में 08 मार्च को, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में 09 मार्च को संपन्न होगा। इसी प्रकार जिला पंचायत कोण्डागांव में 07 मार्च को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मेलन आयोजित होगा। साथ ही जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में उप संरपंचों का निर्वाचन 08 मार्च को होगा।

### किसान यूनियन की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन जिला धमतरी की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल के सामने नेहरू गार्डन में रखी गई है। 19 मार्च को आयोजित किसान पंचायत धमतरी मेंराष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शामिल होंगे। यह जानकारी सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, महावीर साहू ने दी है।

### भखारा तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**जीजामगांव।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक मंगलवार 4 मार्च को दोपहर 11 बजे त्रिकुटी धाम कोसमर्रा में रखी गई है, जिसमें सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील सचिव घनाराम साहू ग्राम पटेल तहसील भखारा ने किया है।

### राष्ट्रीय कार्यशाला दिल्ली में सम्मिलित होंगे पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

**नगरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है लेकिन 1 से 3 वर्ष के बच्चों की सेहत संवारने के लिए कोई योजना नहीं है। मोबाइल क्रेचर्स संस्था द्वारा लइका घर का संचालन जनपद नगरी क्षेत्र में कई वर्षों से किया जा रहा है, ताकि बच्चों में कुपोषण दूर किया जा सके। इसके संचालन व उचित व्यवस्थापन को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 5 और 6 मार्च को किया जाएगा, जिसमें श्रीमती दिनेश्वरी अध्यक्ष जपं नगरी, हुमीत कुमार लिमजा उपाध्यक्ष जपं नगरी, श्रीमती सुलोचना साहू सभापति महिला बाल विकास, शिवदयाल साहू उपसरपंच फरसिया और अन्य जन प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

किसान, पशुपालक और ग्रामीण परेशानी का सामना कर रहे

# इंद्रावती नदी सूखी, बच्चे और युवा खेल रहे क्रिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

बस्तर की जीवनरेखा मानी जाने वाली इंद्रावती नदी सूखने लगी है। गर्मी सीजन से पहले फरवरी महीने में ही नदी की हालत गंभीर है। नदी का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है, किसान, पशुपालक और ग्रामीण परेशानी का सामना कर रहे है। नदी के सूखे तल पर बच्चे और युवा क्रिकेट खेल रहे हैं, इससे जल संकट की भयावहता साफ झलक रही है।

जहां पानी होना चाहिए था, वहां क्रिकेट खेलने का दृश्य प्रशासन और आम लोगों को झकझोर कर रख दिया है। यह गंभीर संकेत है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में बस्तर में भीषण जल संकट की स्थिति निर्मित होगी।



### एनिकेट मरम्मत न होने से बढ़ा संकट

इंद्रावती नदी में जल स्तर बनाए रखने के लिए सैकड़ों एनिकेट (पानी रोकने की संरचनाएं) बनाए गए हैं। समय पर उनकी मरम्मत न होने से ये अनुपयोगी हो गए हैं। पानी धीरे-धीरे नीचे बह गया और नदी सूखती चली गई। स्थानीय लोग अब जोरा नाला से पानी की आपूर्ति की मांग कर रहे हैं ताकि नदी को फिर से जीवित किया जा सके।

### पशुओं के लिए पानी की परेशानी

नदी के सूखने का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशुओं पर भी पड़ रहा है। गांवों में किसान अपने गाय, भैंस, बकरी और अन्य मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करने में असमर्थ हो रहे हैं।

### किसानों की हालत दयनीय, मुआवजे की मांग

इंद्रावती नदी के सूखने का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ा है। हजारों किसान सूख चुकी फसलों से त्रस्त हैं। युवा नेता सोनू कश्यप और लक्ष्मण बघेल ने प्रशासन से किसानों को मुआवजा और फसल बीमा की राशि देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जोरा नाला से पानी की आपूर्ति नहीं की गई तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### पर्यावरण पर गंभीर असर

इंद्रावती नदी का सूखना बस्तर के पर्यावरण पर भी असर डाल सकता है। भूजल स्तर तेजी से गिरने से नदी की स्थिति डबरी जैसी हो गई है।

### सरपंच भगवती भारती ने ली शपथ...



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत बजावंड में आज सरपंच भगवती भारती ने शपथ ली। पूर्व सरपंच भगवान भारती की पत्नी भगवती भारती ने डोमूराम भारती को 800 मतों से हराया है। पूर्व में डोमूराम भारती ने भगवान भारती को हराया था। इस बार भगवान भारती की पत्नी भगवती भारती ने डोमूराम भारती को हराया है।

## प्रमिला मनीष सुराना ने दूसरी बार ली ग्राम हारम के सरपंच पद की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

ग्राम पंचायत हारम की जनता ने एक बार फिर अपने विश्वास और समर्थन से प्रमिला मनीष सुराना को सरपंच पद की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रमिला सुराना ने अपने पहले कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के दम पर इस बार बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

पिछला चुनाव मात्र 1 वोट से जीतने वाली प्रमिला सुराना ने इस बार 268 मतों के विशाल अंतर से विजय प्राप्त कर अपने प्रभावी नेतृत्व को साबित किया। ग्रामवासियों ने उनके पिछले कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें एकतरफा समर्थन दिया। सरपंच के रूप में अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने पंचायत में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया, जिनमें सड़क निर्माण, जल आपूर्ति व्यवस्था, स्वच्छता अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार शामिल हैं। उनके कुशल नेतृत्व और जनता के प्रति समर्पण को देखते हुए, ग्रामवासियों ने उन्हें पुनः सरपंच के रूप में चुना है।



शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया और उन्हें बधाई दी। अपने संबोधन में प्रमिला सुराना ने ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे गांव की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगी। ग्राम पंचायत हारम की जनता को एक बार फिर विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रमिला सुराना की यह जीत एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, नगर पालिका दंतेवाडा अध्यक्ष पायल गुप्ता व भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हमने बनाया है हम ही संवारेंगे ध्येय वाक्य को चरितार्थ करने वाला सर्व समावेशी बजट: केदार

**विष्णु के सुशासन से बढ़ रहा बस्तर और संवर रहा है छत्तीसगढ़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया। बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के वनमंत्री केदार कश्यप ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा इस बजट को भाजपा के ध्येय वाक्य हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ करने वाला बजट बताया है।



मंत्री केदार कश्यप ने बजट 2025 को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस कल्पना और विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था उस उद्देश्य की पूर्ति करते हुए साय सरकार विकास के पथ पर अब दौड़ने लगी है। आज का बजट बताता है कि हमने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के कालातीत काल से निकाल कर आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

कांग्रेस सरकार में बस्तर विकास के मार्ग से भटक गई थी। बस्तर भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। ऐसे सुदूर बस्तर के लिए इस बजट में करोड़ों का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि हमने ही बनाया है और हम ही संवार रहे हैं। वनमंत्री ने बजट को लेकर कहा कि बस्तर के युवाओं को रोजगार देने के दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में बस्तर फाइटर्स का कार्य सराहनीय रहा है। इस बात को ध्यान में रख विष्णुदेव साय सरकार ने 3200 अतिरिक्त फाइटर्स के पदों का सृजन का प्रावधान इस बजट में किया है। जिससे बस्तर के युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में एक भी नर्सिंग कॉलेज नही बना, हमारी भाजपा सरकार ने इस बजट में दंतेवाड़ा जिला में नर्सिंग कॉलेज बनाने का प्रावधान किया है। इस तरह प्रदेश में कुल 12 नए नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहा है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए शैक्षणिक प्रावधानों हेतु रामकृष्ण मिशन आश्रम, अबूझमाड़ के लिए दस करोड़ का प्रावधान किया गया है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के शासन में डीएमएम राशि का किस तरफ से दुरुपयोग और बंदरबांट हुआ। छत्तीसगढ़ का हर एक व्यक्ति जानता है वही हमारी भाजपा सरकार ने दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण डीएमएफ के 250 करोड़ रूपये से अधिक की राशि से करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ के सदुपयोग के ऐसे अनेकों उदाहरण हम स्थापित करेंगे।

## बचेली में रमजान माह की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

चांद का दीदार होते ही मुस्लिम समुदाय का पवित्र माह रमजान शनिवार से शुरू हो गया हैं, अकीदतमंद रविवार को सेहरी के बाद पहला रोजा रखा। समाज सेवी आशिफ रजा ने इस संबंध में बताया की इस्लामी कैलेंडर के अनुसार रमजान नौवा महीना में होता हैं। पूरे महीने को मुस्लिम मतावलंवी पाक महीना मानते हैं। रोजा रखने के साथ रात में तराविह की नमाज़ पढ़ी जाती हैं। पांच वक्त के नमाज़ के साथ कुरान की तिलावत करते हैं। रमजान में इबादत का काफ़ी महत्व हैं। पूरे महीने मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं।

### रमजान खुद पर नियंत्रण व संयम रखने का महीना

इस्लाम धर्म के मान्यता के अनुसार रमजान का महीना खुद पर नियंत्रण एवं संयम रखने का महीना होता हैं। गरीबों के दुख-दर्द को समझने के लिए रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय द्वारा रोजा रखने की परम्परा हैं। रोजे के दौरान संयम का तात्पर्य हैं की आंख, नाक, कान, जुबान को नियंत्रण में रखा जाना क्योंकि रोजे के दौरान बुरा नहीं सुनना, बुरा नहीं देखना, बुरा नहीं बोलना और न ही बुरा एहसास किया जाता हैं।

## फरसगांव जपं क्षेत्र 10 से जीते विक्की दास, निकाली विजय और आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोरगांव

फरसगांव जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कांग्रेस के प्रत्यासी विश्वजीत उर्फ विक्की दास ने जीत हासिल की है। जनपद पंचायत क्षेत्र 10 अंतर्गत ग्राम पश्चिम बोरगांव, पूर्वी बोरगांव, पांडेआठगांव औऱ गट्टीपलना से जनपद पंचायत सदस्य पद पर विश्वजीत दास उर्फ विक्की दास ने जीत हासिल किया है, विक्की दास को पश्चिम बोरगांव से एक तरफा वोट मिलने से उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तरुण साना को 118 मतों के अंतर से हराया है, जो कि भाजपा के जिला महामंत्री है। जिससे उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। उस चुनाव में जपं क्षेत्र 10 से चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें विक्की दास को 1265, तरुण साना को 1147 और हेमंत कुमार नेताम को 327 और पंचू नेताम को 121 मत प्राप्त हुए।




### समर्थकों में उत्साह का माहौल

चुनाव परिणामो के अनुसार विक्की दास को मतदाताओं का समर्थन मिला जिससे वह फरसगांव जनपद पंचायत के नए सदस्य बने। इस जीत से विक्की दास के समर्थकों में उत्साह का माहौल है और गांवों में खुशी की लहर है। विक्की दास ने जीत के बाद कहा कि यह जीत जनता की जीत है जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। उन्होंने आगे कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधन के लिए पूरी निष्पक्ष से कार्य रहेगा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समथकों ने जश्न मनाया, कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

## क्विज स्पर्धा में कुआकोंडा रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर ऑडिटोरियम में किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी एस के एम्बसट के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के कुल 12 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रत्येक विकासखंड से 3-3 प्रतिभागी शामिल थे। इस क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तर्कशक्ति से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रश्न शामिल किए गए। प्रतियोगिता को



अधिक रोचक और रोमांचक बनाने के लिए बजर सिस्टम का उपयोग किया गया। सभी प्रतिभागियों को चार टीमों में विभाजित किया गया, प्रतियोगिता के संचालन में शिक्षक मोहम्मद यूसुफ ने लैपटॉप और प्रोजेक्टर की सहायता से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर विकासखंड कुआकोंडा ने प्रथम स्थान गीदम ने द्वितीय व कटेकल्याण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विजेता टीमें अब राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष पायल गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गणित और विज्ञान का ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे अपने परिवेश से जोड़कर नई वैज्ञानिक सोच विकसित करनी चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### नेशनल हाइवे 30 चिचाड़ी पुल के पास हुआ हादसा, हादसे में 1 की मौत, 2 घायल

## हिट एंड रन केस : बाइक को टक्कर मारकर कार हुई फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

नेशनल हाइवे 30, चिचाड़ी पुल के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, हादसे में बाइक सवार एक युवती की मौत हो गई, वहीं अन्य दो घायल हो गया। फरसगांव पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम चिचाड़ी गुडरीपारा निवासी साधना नेताम पिता हेमराज नेताम, ग्राम पासंगी निवासी घनश्याम पटेल और ग्राम कोटलभट्टी आवरभाटा निवासी सुरेखा मरकाम यह तीनों बाइक क्रमांक सीजी 27 एच 4842 से शादी समारोह में शामिल होने चिचाड़ी से पासंगी गांव जा रहे थे। रात करीब 7.30 बजे नेशनल हाइवे 30 चिचाड़ी पुल के पास केशकाल की ओर से






आ रही एक अज्ञात कार ने इन्हें पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को फरसगांव अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने साधना नेताम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल घनश्याम और सुरेखा का इलाज किया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर फरसगांव थाना पुलिस ने सोमवार को मृतिका के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### डीकेएसएस कालेज जीजामगांव में वार्षिक परीक्षा दो पाली में

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 7 से 10 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी। प्रथम पाली में बीएससी, बीकाम एवं बीसीए भाग 2 एवं 3 के छात्र शामिल होंगे। इसमें बीएससी, बीकाम भाग 1 के केवल पूरक प्राप्त छात्रों का पात्रता होगी। कुल 66 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। द्वितीय पाली में बीए भाग 2 एवं 3 की परीक्षा होगी। इसमें बीए भाग 1 केवल पूरक परीक्षार्थी शामिल होंगे। 160 छात्र ने ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरा है। विदित हो की सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू हो चुका है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कुरना स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**कांकेर।** प्राथमिक शाला कुरना में न्योता भोज का 3 मार्च को किया गयाआयोजन किया गयाकुरना/ नरहरपुर/ 3 मार्च 2025 विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत कुरना के प्राथमिक शाला आवासपारा कुरना में 3 मार्च को न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन छात्रों के पालक भारती जुर्री, संगीता कुंजाम और गंगा जुर्री के द्वारा अयोजित किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं को खीर, पुड़ी, चांवल, दाल और सब्जी दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुरलीधर गंजीर, अंकुश भक्त, प्रभा ध्रुव एवं ग्राम के पटेल, ग्रामीण, शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा शुरू 293 विद्यार्थी रहे गैरहाजिर

**जगदलपुर।** हाईस्कूल दसवीं बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई है। पहले दिन हिन्दी विषय का पर्चा हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि जिले के 105 परीक्षा केन्द्र में 8324 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कुल दर्ज संख्या 8617 में 293 गैर हाजिर रहे। कहीं भी नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

### जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन 6 से 11 तक

**जगदलपुर।** बस्तर के जनपद पंचायत बकावण्ड, दरभा, बास्तानार, में 6 मार्च, जनपद पंचायत लोहण्डीगुडा का 10 मार्च और जनपद पंचायत जगदलपुर का 11 मार्च को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को

**सुकमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन हेतु जिले में विभिन्न खंडपीठों की स्थापना की गई है। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सुकमा जिले के विभिन्न न्यायालय कक्षों में 10 खंडपीठ गठित की गई हैं, जिनमें अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय और तहसील न्यायालय शामिल हैं। लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों दांडिक, भू-अर्जन, आरबीसी 6(4) तथा विविध प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। संबंधित पीठासीन अधिकारी विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विवादों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। लोक अदालत में किए गए समझौतों को न्यायिक मान्यता प्राप्त होगी एवं यह अंतिम होगा।

### पात्र-अपात्र की सूची जारी

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन की सेवाएं लिये जाने के संबंध में संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त निर्देश, मार्गदर्शिका के परिपालन में आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन के चयन 31 दिसंबर 2024 के माध्यम से आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

मांग : कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मुख्यमंत्री से त्वरित कार्यवाही की अपील की है

# मेडिकल कॉलेज की पहचान वीर गुण्डाधुर के नाम करने एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कांकेर

- वीरगुण्डाधुर की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए नामकरण की मांग



जनजातीय क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर के नाम से कांकेर मेडिकल कॉलेज की पहचान हो, इस विषय को लेकर एबीवीपी ने कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर वीर गुण्डाधुर के नाम पर रखने का प्रस्ताव हमारे इतिहास और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना से जुड़ा हुआ है। वीर गुण्डाधुर का नाम छत्तीसगढ़ के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, और उनके योगदान को याद करना हम सभी का कर्तव्य है। उपरोक्त विषय पर ज्ञापन सौंप कर एबीवीपी ने मुख्यमंत्री से त्वरित कार्यवाही करेंने का आग्रह किया है। एबीवीपी विभाग संयोजक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कहा कि कांकेर जिला समूचे बस्तर सम्भाग का मुख्य द्वार है एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र भी है। स्वतन्त्रता संग्राम आन्दोलन की एक लम्बी दस्ता में बहुत से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनजातीय समाज के क्रांतिवीरो ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था, जिसमें पातार हल्बा, शहीद गेंदसिंह, इन्दरू केवट जैसे अन्य समाज के समूचे प्रयास से कांकेर में स्वतंत्रता का पताका लहराया था। किन्तु राजनितिक दबाव में परिवार विशेष के नाम के लिए कांकेर मेडिकल कालेज का नाम इंदिरा गाँधी के नाम से कर दिया गया। जनजातियो के स्वाभिमान एवं उनके योगदान को समूचा देश जाने इस के लिए जनजातीय क्रांतिवीर वीर गुण्डाधुर के नाम से चिकित्सा महाविद्यालय का नाम रखा जाए तो पूरे बस्तर सम्भाग एवं जनजाति समाज के लिए प्रतिष्ठा का विषय रहेगा। यह कदम न केवल हमारे वीर पूर्वजों के प्रति आदर व्यक्त करेगा, बल्कि यह हमारी क्षेत्रीय पहचान को भी मजबूती प्रदान करेगा। ज्ञापन सौंपने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक ओमकृष्ण जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सिन्हा, रिषिक तिवारी, युवराज सोम, सत्यम पांडे, सानू साहू, लेखांक जैन, नमन मरकाम, कुणाल निर्मलकर, वंश सोनी, तिलक, आशीष, सार्थक, दीपक, नोमेश, मोंटू नेताम, प्रसन्न, संस्कार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टंगिया मारकर ग्रामीण की हत्या, फरार आरोपी की है तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोड़ेकुर्से थानांतर्गत नरेटीटोला में ग्रामीण के ऊपर आरोपी ने टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल ग्रामीण ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे ने आरोपी के खिलाफ हत्या करने की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पटेलपारा नरेटीटोला निवासी 30 वर्षीय सुखचंद मंडावी पिता आयतुराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि 1 मार्च को दातून तोड़ने शाम लगभग साढ़े 5 बजे अपने खेत तरफ निकला था। मेरी मां लकवाग्रस्त होने से घर लाड़ी के खाट में लेटी हुई थी और पिता आयतु राम घर पर थे। थोड़ी देर बाद शाम सवा 6 बजे घर वापिस आकर देखा और मेरी मां चिल्ला रही थी। मां के नजदीक जाकर देखा तो मेरे पिता मेरी मां के खाट के बगल वाले खाट में लहुलुहान हालत में थे और उसके पूरे शरीर से खून निकल रहा था। तब मैं अपनी मां से पुछा तो अपनी लड़खड़ाती जबान से बताई कि तेरे पिता मेरी तरफ आ रहे थे, उसी समय दरवाजे के पास पीछे से फूलचंद अपने पास रखी टंगिया से जान से मारने की नियत से तुम्हारे पिता पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया और मैं लकवाग्रस्त होने के कारण खाट में लेटे-लेटे इस घटना को देख रही थी। तुम्हारे पिता घायल अवस्था में मेरी तरफ आ रहा था और मेरे खाट के बगल वाले खाट में गिर गए। पिता के नाक के पास उंगली लगाकर देखा तो मेरे पिता आयतुराम की सांसे बंद हो चुकी थी और उनकी मृत्यु हो गई थी।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मेला घूमते युवक के सिर पर हमला आरोपी के खिलाफ मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम आसुलखार का मेला घूमने गए युवक के साथ अन्य युवक ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक ने ईलाज कराने के उपरांत भानुप्रतापुपर थाना में शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराधा पंजीबद्ध किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे कनकपुर निवासी 26 वर्षीय त्रिलोक कुमार नुरूटी पिता परगन सिंह नुरूटी ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी को आसुलखार का वार्षिक मेला में घूमने के लिए गया था। मेरे साथ में मेरा दोस्त सुंदर कोर्राम भी मेले देखने के लिए गया था। हम लोग शाम करीबन 6 बजे मेला घूमते घूमते झूला स्थल के पास पहुंचा था। उसी समय भीड़ को सामने से हटो बोला, तभी वहां पर खड़े विनय उईके निवासी ईराबोड़ी ने मुझे बोला कि तुम कौन होते हो हटने बोलने वाला कहते हुए मुझे गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में पहनने वाला चूड़ा से मेरे सिर में दो बार हमला बोल दिया, जिससे मेरे सिर में चोट आई है और सिर से खून बहने लगा। मेला स्थल में मारपीट को देख मेरा दोस्त सुंदर कोर्राम एवं मेरा बड़ा भाई प्रमेश कुमार ने बीच बचाव किया। दोनो के द्वारा बीच बचाव नहीं करने पर मेरे साथ बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मारपीट से आई चोटों के चलते भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। भानुप्रतापपुर से जिला अस्पताल कोमलदेव अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांकेर जिला अस्पताल से ईलाज करवाने के उपरांत शिकायत करने पहुँचा हूँ। मारपीट के शिकार हुए युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सरपंचों व पंचों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा क्षेत्र के 18 पंचायत में नवनिर्वाचित सरपंच व पंच का ग्राम पंचायत मुख्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सभी पंचायत में पीठासीन अधिकारियों ने गणमान्य नागरिकों को उपस्थिति में नवनिर्वाचित पंच व सरपंचों को पूजा अर्चना के बाद शपथ ग्रहण करवाया। विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में जागेश्वर पुजारी, ग्राम पंचायत आलपरस में रजनाथ पोटाई, ग्राम पंचायत कौड़ोसालेभाट में देवली ध्रुव, ग्राम पंचायत पानीडोबरी में खेमराज उसेंडी, ग्राम पंचायत केसेकोड़ी में फुलबती उसेंडी, ग्राम पंचायत जिरामतराई में हेमा हुपेंडी, ग्राम पंचायत गुड़ाबेड़ा में दीपक आंचला, ग्राम पंचायत बदरंगी में सीताय शोरी, ग्राम पंचायत कड़मे में नितेश कुमार नरेटी, ग्राम पंचायत दड़बी सालेभाट में धनेश्वरी सलाम, ग्राम पंचायत पोरोण्डी में नारदराम ध्रुव, ग्राम पंचायत सिकसोड़ में दुगेश्वरी गावड़े, ग्राम पंचायत चारागांव में राजबाई उसेंडी, ग्राम पंचायत तुरसानी में सोनाय उमेश दर्रो, ग्राम पंचायत उदयपुर में सोनबती कोवाची ने सरपंप पद की 3 मार्च को शपथ लिया।

## शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े श्रोता, समापन आज



**चारामा।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 में श्रीश्री सर्वेश्वर महादेव पार्वती मंदिर में 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। श्री शिव महापुराण कथा 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन से प्रारंभ की गई है जो पुरे 7 दिनों की कथा के पश्चात 4 मार्च को विश्राम की जाएगी। श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन वार्ड की ही महिला समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया है। चारामा नगर में प्रथम बार किसी महिला कथावाचिका के द्वारा श्रद्धालुओं को श्री शिव की महिमा का रसपान कराया जा रहा है। वहीं प्रथम बार नगर में श्री शिव महिमा सुनाने आईं हुई धर्मोपदेशक प्रवचन कर्ता छत्तीसगढ़ विभूति शुभ आरती ज्योति दीदी के श्रीमुख से कथा श्रवण कर शिव भक्तों में बेहद उत्साह बना हुआ है। प्रथम दिवस से ही नगर के शिवभक्त कथा स्थल पर पहुंचकर कथा सुन रहे हैं। वहीं नगर एवं अंचल के सभी धर्म प्रेमियों से कथा स्थल पर पहुंचकर शेष दिवस के श्री शिव महिमा का रसपान करते हुए जीवन धन्य करने महिला समिति के द्वारा आग्रह किया गया है।

## कोकानपुर सरपंच व पंचों ने शपथ ली व ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत कोकानपुर में नवनिर्वाचित सरपंच व पंच ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। ग्राम के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी कि छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर फूलमाला अर्पित किया गाया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच कलीराम उईके को सबसे पहले शपथ दिलाया गया, उसके उपरांत समस्त नवनिर्वाचित वार्ड पंचों को एक साथ शपथ दिलाई गई। वार्ड पंच में वार्ड क्रमांक 1 से सुरेन्द्र मंडावी, वार्ड क्रमांक 2 से रमेश टेकाम, वार्ड क्रमांक 3 से खिलेश्वरी नेताम, वार्ड क्रमांक 4 से रेखा पिद्दा, वार्ड क्रमांक 5 से पदमा नाग, वार्ड क्रमांक 6 से पारसमणि जैन, वार्ड क्रमांक 7 से उर्मिला केमरो, वार्ड क्रमांक 8 से योगिता राजपूत, वार्ड क्रमांक 9 से पूर्णिमा साहु, वार्ड क्रमांक 10 से अमृता तेता एवं वार्ड क्रमांक 11 से सहदेव मतलाम को शपथ दिलाया गया। आयोजित शपथ समारोह में ग्राम पटेल माखन मंडावी, नारायण जैन, पूर्व उपसरपंच अनिल यदु, महेश्वर परिहार, राघवेन्द्र राजपूत, चैतू कांगे, सुखदेव मंडावी, रमेश मंडावी, हरबंस दरो, केसो जैन, दिलीप मंडावी, राजेन्द्र साहु, नारद यादव, रेशम टेकाम, वेदप्रकाश सिंहा, हेमलाल तेता, चेतन कैमरों, घसिया कांगे, नरसिंह कुमेटी, खमन यदु, टाकेश धनकर, थामे साहु, विक्की मंडावी, शंकर साहु, कांतु सिन्हा, हरिशंकर जैन, गोलू भुयारय, पूर्व पंच ख़ेमिन कांगे, सरोज यदु, सुशीला नेताम, मितानिन दुलारी यादव, शांति साहु, देवंतीन पिदा, नीता पिदा, भीष्म वर्मा रोजगार सहायक, सालिक राम, अशोक ग्राम कोटवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन पंचायत सचिव मुन्ना यदु ने किया।

## मिचनार 2 में आम आदमी पार्टी के सरपंच जोगाराम ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम पंचायत मिचनार 2 में विजयी सरपंच और पंच प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण समारोह आज सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जोगाराम पोयाम ने सरपंच पद की शपथ ली। साथ ही पंचायत के सभी निर्विरोध निर्वाचित पंचों ने भी शपथ ली। सरपंच ने कहा कि यह जीत पंचायत की जनता के विश्वास की जीत है और हम इस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता होते हुए, पार्टी की नीतियों और अपने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पंचायत स्तर पर शासकीय योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करूंगा। हम पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करेंगे। स्थानीय समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मीचनार घाटी को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए विशेष ध्यान देने की बात भी कही। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव तरुणा साबे ने बस्तर ज़िले के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के समर्थित सरपंच और पंच प्रत्याशियों की शानदार जीत पर बधाई देते कहा कि यह जीत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और पार्टी की नीतियों की विजय है। विजयी प्रत्याशियों में जोगाराम पोयाम सरपंच, आरती कवासी उपसरपंच एवं पंच पद पर जुगल कश्यप, बीडू कश्यप, सुकराम बघेल, टिंगरी कश्यप, सोमडी कर्मा और शांति पोडयामी ने जीत हासिल की है।

## फागुन मेला में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माई दंतेश्वरी मंदिर परिसर में 5 मार्च से 15 मार्च तक फागुन मेला मनाने हेतु तिथि निर्धारित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में उक्त मेला स्थल पर आगन्तुक ग्रामीण, नगर वासियों एवं सेवादारों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 34 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है।

## मटन, मछली मार्केट में पसरी गंदगी महामारी के इंतजार में नगर पालिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

राज्य की सबसे अमीर नगर पालिका में शुमार किरंदुल नगर पालिका हमेशा से ही सुर्खियों में रहती है। फिलहाल मामला है वार्ड नं 8 का जहां मेन मार्केट के पीछे कुछ जनप्रतिनिधियों ने मटन मार्केट को प्रकाश विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, परियोजना विद्यालय, डीएवी स्कूल के लिए पैदल जाने वाले छात्रों के मुख्य मार्ग पर ही स्थापित करवा दिया था। रही सही कसर मटन एवं चिकन तथा मछली बेचने वाले दुकानदारों ने पूरी कर दी।

### नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई



समस्या गंभीर है जल्द ही सफाई कार्य कर समाधान कर दिया जायेगा। फिलहाल आज से आगामी तिथि तक मटन मार्केट को सील कर बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले मटन, चिकन, मछली विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
-शशिभूषण महापात्र- सीएमओ, किरंदुल

### महामारी की आशंका



मटन मार्केट में पसरी गंदगी पुरानी समस्या है, जो भविष्य में महामारी का रूप ले सकती हैं। स्कूली बच्चों का राह से गुजरना मुश्किल हो गया है। मटन के बचे अपशिष्ट हिस्सों को खाने से कुत्तों की एक टोली हिंसक हो चुकी है जो गायों के साथ-साथ बच्चों पर भी हमले कर रहे हैं।
-राजेंद्र सक्सेना, समाजसेवी

# एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शासकीय योजनाओं का लाभ लेने कृषक करा सकते हैं पंजीयन

भारत सरकार द्वारा एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, इससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में आसानी होगी। इस योजना के तहत सम्पूर्ण देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के आगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र प्रदान करना है, जिससे वे योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने बताया कि कृषि भूमि पहचान पत्र डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्राक्चर योजना एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलतापूर्वक पहुंचे। कृषि भूमि पहचान पत्र न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देती है, बल्कि कृषि अनुदान, बीमा और इसी तरह की अन्य सहायता प्रणालियों के वितरण को भी सुव्यवस्थित करती है। उन्होंने बताया कि कृषक पंजीयन कृषि क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन का अभिन्न अंग है, जिससे कृषकों को आजीविका में सुधार के लिए बेहतर योजनाएं, नीति निर्माण और संसाधन का आबंटन किया जा सकेगा। कृषक पंजीयन से भूमि स्वामित्व के साथ कृषक होना सत्यापित करती है। कृषक पंजीयन से केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ए.आई.एफ., किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आईसीसीसी, डीएसएस, पीएमएस, एनपीएसएस, बीज ट्रेसिबिलिटी प्रणाली, किसान कॉल सेंटर तथा राज्य सरकार की योजनांतर्गत कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित राज्य सरकार की प्रणाली डीबीटी सिंगल साइन ऑन का पारदर्शी रूप से कृषकों को सीधा लाभ संभव हो सकेगा। जिले के कृषि भूमिधारकों से कृषि भूमिस्वामी होने का बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर आदि दस्तावेज की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर, धान उपार्जन केन्द्र एवं पटवारी के माध्यम से कृषकों की कृषि भूमि पहचान पत्र तैयार किया जाना है, इसके लिए संयुक्त कृषि भूमि स्वामी अलग-अलग अपनी कृषि भूमि पहचान पत्र के लिए दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।




